**Series : NLK2M**

**SET~1**

प्रश्न-पत्र कोड
Q.P. Code **32/2/1**

रोल नं.
Roll No.

परीक्षार्थी प्रश्न-पत्र कोड को उत्तर-पुस्तिका के मुख-पृष्ठ पर अवश्य लिखें।
Candidates must write the Q.P. Code on the title page of the answer-book.

# सामाजिक विज्ञान
# SOCIAL SCIENCE

*निर्धारित समय : **3** घण्टे* | *अधिकतम अंक : **80***

*Time allowed : **3** hours* | *Maximum Marks : **80***

**नोट**

*(I)* *कृपया जाँच कर लें कि इस प्रश्न-पत्र में मुद्रित पृष्ठ **25 + 1** मानचित्र हैं।*

*(II)* *प्रश्न-पत्र में दाहिने हाथ की ओर दिए गए प्रश्न-पत्र कोड को परीक्षार्थी उत्तर-पुस्तिका के मुख-पृष्ठ पर लिखें।*

*(III)* *कृपया जाँच कर लें कि इस प्रश्न-पत्र में **38** प्रश्न हैं।*

*(IV)* ***कृपया प्रश्न का उत्तर लिखना शुरू करने से पहले, उत्तर-पुस्तिका में यथा स्थान पर प्रश्न का क्रमांक अवश्य लिखें।***

*(V)* *इस प्रश्न-पत्र को पढ़ने के लिए 15 मिनट का समय दिया गया है। प्रश्न-पत्र का वितरण पूर्वाह्न में 10.15 बजे किया जाएगा। 10.15 बजे से 10.30 बजे तक परीक्षार्थी केवल प्रश्न-पत्र को पढ़ेंगे और इस अवधि के दौरान वे उत्तर-पुस्तिका पर कोई उत्तर नहीं लिखेंगे।* []

**NOTE**

*(I)* *Please check that this question paper contains **25** printed pages **+1** Map.*

*(II)* *Q.P. Code given on the right hand side of the question paper should be written on the title page of the answer-book by the candidate.*

*(III)* *Please check that this question paper contains **38** questions.*

*(IV)* *Please write down the Serial Number of the question in the answer-book at the given place before attempting it.*

*(V)* *15 minute time has been allotted to read this question paper. The question paper will be distributed at 10.15 a.m. From 10.15 a.m. to 10.30 a.m., the candidates will read the question paper only and will not write any answer on the answer-book during this period.*

**सामान्य निर्देश :**

*निम्नलिखित निर्देशों को ध्यानपूर्वक पढ़िए और उनका पालन कीजिए :*

*(i)* *इस प्रश्न-पत्र में **38** प्रश्न हैं। **सभी** प्रश्न **अनिवार्य** हैं।*

*(ii)* *प्रश्न-पत्र **चार** खण्डों — **क, ख, ग** और **घ** में विभाजित है। प्रत्येक खण्ड **20** अंकों का है।*

***खण्ड क : इतिहास***

***खण्ड ख : भूगोल***

***खण्ड ग : राजनीति विज्ञान***

***खण्ड घ : अर्थशास्त्र***

*(iii)* *इस प्रश्न-पत्र में बहुविकल्पीय, अति लघु उत्तरीय, लघु उत्तरीय, दीर्घ उत्तरीय और केस/स्रोत-आधारित प्रश्न हैं।*

*(iv)* *बहुविकल्पीय प्रकार का प्रत्येक प्रश्न **1** अंक का है।*

*(v)* *अति लघु उत्तरीय प्रकार का प्रत्येक प्रश्न **2** अंकों का है। इन प्रत्येक प्रश्न का उत्तर **40** शब्दों से अधिक नहीं लिखा जाना चाहिए।*

*(vi)* *लघु उत्तरीय प्रकार का प्रत्येक प्रश्न **3** अंकों का है। इन प्रत्येक प्रश्न का उत्तर **60** शब्दों से अधिक नहीं लिखा जाना चाहिए।*

*(vii)* *दीर्घ उत्तरीय प्रकार का प्रत्येक प्रश्न **5** अंकों का है। इन प्रत्येक प्रश्न का उत्तर **120** शब्दों से अधिक नहीं लिखा जाना चाहिए।*

*(viii)* *केस-आधारित प्रश्न **4** अंक के हैं, जिनमें तीन उप-प्रश्न हैं। इन प्रत्येक प्रश्न का उत्तर **100** शब्दों से अधिक नहीं लिखा जाना चाहिए।*

*(ix)* *मानचित्र-आधारित प्रश्न (दो प्रश्न) **पाँच** अंकों के हैं :*

*खण्ड क (इतिहास) : **2** अंक*

*खण्ड ख (भूगोल) : **3** अंक*

*(x)* *अपनी उत्तर पुस्तिका को प्रश्न-पत्र के अनुरूप **चार** खण्डों में विभाजित कीजिए – खण्ड क (इतिहास), खण्ड ख (भूगोल), खण्ड ग (राजनीति विज्ञान) तथा खण्ड घ (अर्थशास्त्र)।*

*प्रत्येक प्रश्न का उत्तर उसके संबंधित खण्ड में ही लिखना अनिवार्य है।*

*एक खण्ड के उत्तर दूसरे खण्ड के उत्तर के साथ नहीं लिखने हैं।*

*(xi)* *आवश्यकतानुसार प्रत्येक खण्ड और प्रश्नों के साथ निर्देश दिए गए हैं।*

*(xii)* *कृपया ध्यान दें कि दृष्टिबाधित परीक्षार्थियों के लिए चित्र तथा मानचित्र आदि आधारित प्रश्नों के स्थान पर एक अन्य प्रश्न दिया गया है। इन प्रश्नों के उत्तर केवल दृष्टिबाधित परीक्षार्थी ही लिखें ।*

*(xiii)* *प्रश्न-पत्र में कोई समग्र विकल्प नहीं है। यद्यपि, कुछ प्रश्नों में आंतरिक विकल्प का प्रावधान दिया गया है। इन प्रश्नों में केवल एक ही प्रश्न का उत्तर लिखा जाना चाहिए।*

***General Instructions :***

*Read the following instructions carefully and follow them :*

*(i)* *This question paper contains **38** questions. **All** questions are **compulsory**.*

*(ii)* *Question paper is divided into **four** sections — **A**, **B**, **C** and **D**. Each section carries **20** marks.*

***Section A : History***

***Section B : Geography***

***Section C : Political Science***

***Section D : Economics***

*(iii)* *The question paper has MCQs, VSAs, SAs, LAs and CBQs.*

*(iv)* *Multiple Choice Questions (MCQs) carry 1 mark each.*

*(v)* *Very Short Answer Type Questions (VSAs) carry **2** marks each. Answer to each question should not exceed **40** words.*

*(vi)* *Short Answer Type Questions (SAs) carry **3** marks each. Answer to each question should not exceed **60** words.*

*(vii)* *Long Answer Type Questions (LAs) carry **5** marks each. Answer to each question should not exceed **120** words.*

*(viii)* *There are cases based questions (CBQs) with three sub-questions and are of **4** marks each. Answer to each question should not exceed **100** words.*

*(ix)* *The map-based questions (two questions) carry **five** marks :*

*Section A (History) : **2** marks*

*Section B (Geography) : **3** marks*

*(x)* *Divide your answer sheet into **four** sections as per question paper – Section A (History), Section B (Geography), Section C (Political Science) and Section D (Economics).*

*It is compulsory to answer each question in its respective section.*

*Do not mix answers of one section into the other section.*

*(xi)* *Instructions are given with each section and question, wherever necessary.*

*(xii)* *Kindly note that a separate question has been provided for Visually Impaired candidates in lieu of questions having visual inputs, map etc. Such questions are to be attempted by Visually Impaired candidates only.*

*(xiii)* *There is no overall choice in the question paper. However, an internal choice has been provided in few questions. Only one of the choices in such questions must be attempted.*

## खण्ड क

## (इतिहास) *20*

**1.** 1845 – 1849 के दौरान आलू अकाल से कौन-सा देश सर्वाधिक प्रभावित था ? *1*

(A) फ्रांस (B) संयुक्त राज्य अमेरिका

(C) आयरलैंड (D) स्वीडन

**2.** निम्नलिखित ऐतिहासिक घटनाओं को कालक्रमानुसार व्यवस्थित कीजिए और सही विकल्प का चयन कीजिए : *1*

I. बंगाल गज़ट का प्रकाशन

II. डायमंड सूत्र का प्रकाशन

III. योहान गुटेन्बर्ग द्वारा बाइबिल का प्रकाशन

IV. मार्को पोलो का चीन से इटली वापस लौटना

**विकल्प :**

(A) I, II, III, IV (B) IV, III, II, I

(C) II, IV, I, III (D) II, IV, III, I

**3.** नीचे दो कथनों को अभिकथन (A) और कारण (R) के रूप में अंकित किया गया है। दोनों कथनों को ध्यानपूर्वक पढ़िए और सही विकल्प का चयन कीजिए : *1*

*अभिकथन (A) :* ज्युसेपे मेत्सिनी इटली के क्रांतिकारी थे।

*कारण (R) :* उसने गुप्त संगठनों की स्थापना की।

**विकल्प :**

(A) अभिकथन (A) और कारण (R) दोनों सही हैं और कारण (R), अभिकथन (A) की सही व्याख्या करता है।

(B) अभिकथन (A) और कारण (R) दोनों सही हैं, परन्तु कारण (R), अभिकथन (A) की सही व्याख्या ***नहीं*** करता है।

(C) अभिकथन (A) सही है, परन्तु कारण (R) ग़लत है।

(D) अभिकथन (A) ग़लत है, परन्तु कारण (R) सही है।

**4.** 1932 में पूना पैक्ट किन दो नेताओं के मध्य हस्ताक्षरित किया गया था ? *1*

(A) भीमराव अम्बेडकर और महात्मा गाँधी

(B) भीमराव अम्बेडकर और जवाहरलाल नेहरू

(C) महात्मा गाँधी और लॉर्ड इरविन

(D) महात्मा गाँधी और एम.ए. जिन्ना

## SECTION A

**(History)** *20*

**1.** Which country was the most affected by the potato famine during 1845 – 1849 ? *1*

(A) France (B) United States of America

(C) Ireland (D) Sweden

**2.** Arrange the following historical events in chronological order and choose the correct option : *1*

I. Publication of Bengal Gazette

II. Publication of Diamond Sutra

III. Publication of Bible by Johann Gutenberg

IV. Return of Marco Polo to Italy from China

**Options :**

(A) I, II, III, IV (B) IV, III, II, I

(C) II, IV, I, III (D) II, IV, III, I

**3.** Two statements labelled as Assertion (A) and Reason (R) are given below. Read both the statements carefully and choose the correct option : *1*

*Assertion (A)* : Giuseppe Mazzini was a revolutionary from Italy.

*Reason (R)* : He founded underground organisations.

**Options :**

(A) Both Assertion (A) and Reason (R) are true and Reason (R) is the correct explanation of Assertion (A).

(B) Both Assertion (A) and Reason (R) are true, but Reason (R) is ***not*** the correct explanation of Assertion (A).

(C) Assertion (A) is true, but Reason (R) is false.

(D) Assertion (A) is false, but Reason (R) is true.

**4.** Between which two leaders was the Poona Pact signed in 1932 ? *1*

(A) Bhimrao Ambedkar and Mahatma Gandhi

(B) Bhimrao Ambedkar and Jawaharlal Nehru

(C) Mahatma Gandhi and Lord Irwin

(D) Mahatma Gandhi and M.A. Jinnah

**5.** यह चित्र किसको निरूपित करता है ? सही विकल्प का चयन कीजिए। *1*



(A) मारीआन (B) ब्रिटानिया

(C) जर्मेनिया (D) कोलम्बिया

**नोट :** *निम्नलिखित प्रश्न केवल **दृष्टिबाधित परीक्षार्थियों** के लिए प्रश्न संख्या **5** के स्थान पर है।*

1867 में निम्नलिखित में से किस देश को हैब्सबर्ग शासकों द्वारा स्वायत्तता दी गई थी ? *1*

(A) इंग्लैण्ड (B) इटली

(C) हंगरी (D) रूस

**6.** सोलहवीं शताब्दी के मध्य में निम्नलिखित में से कौन-सी घातक बीमारी पुर्तगाल और स्पेन से अमेरिका में फैली थी ? *1*

(A) पीत ज्वर (B) चेचक

(C) मलेरिया (D) हैज़ा

**7.** (क) उन्नीसवीं शताब्दी के दौरान पोलैंड में राष्ट्रवाद के विकास में भाषा की भूमिका का विश्लेषण कीजिए। *3*

**अथवा**

(ख) 1815 की वियना संधि के मुख्य प्रावधानों का विश्लेषण कीजिए। *3*

**8.** (क) "सविनय अवज्ञा आंदोलन में महिलाओं ने महत्त्वपूर्ण भूमिका अदा की।" उपयुक्त तर्कों सहित इस कथन की पुष्टि कीजिए। *5*

**अथवा**

(ख) "भारतीय लोक-कथाओं को पुनर्जीवित करने से भारत में राष्ट्रवाद सुदृढ़ हुआ।" उपयुक्त तर्कों सहित इस कथन की पुष्टि कीजिए। *5*

**5.** Whom does this picture represent ? Choose the correct option. *1*



(A) Marianne (B) Britannia

(C) Germania (D) Columbia

***Note :*** *The following question is for the* ***Visually Impaired Candidates*** *only, in lieu of Q. No.* ***5****.*

Which of the following countries was granted autonomy by the Habsburg rulers in 1867 ? *1*

(A) England (B) Italy

(C) Hungary (D) Russia

**6.** Which of the following deadly disease spread in America through Portugal and Spain in mid-sixteenth century ? *1*

(A) Yellow fever (B) Smallpox

(C) Malaria (D) Cholera

**7.** (a) Analyse the role of language in the development of nationalism in Poland during the nineteenth century. *3*

**OR**

(b) Analyse the main provisions of the Treaty of Vienna of 1815. *3*

**8.** (a) "Women played an important role during the Civil Disobedience Movement." Support the statement with appropriate arguments. *5*

**OR**

(b) "The revival of Indian folklore strengthened nationalism in India." Support the statement with appropriate arguments. *5*

9. दिए गए स्रोत को ध्यानपूर्वक पढ़िए और उसके नीचे दिए गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए :

**प्रिंट और प्रतिबंध**

1857 के विद्रोह के बाद प्रेस की स्वतंत्रता के प्रति औपनिवेशिक सरकार का रवैया बदल गया। क्रुद्ध अंग्रेज़ों ने 'देसी' प्रेस का मुँह बंद करने की माँग की। ज्यों-ज्यों भाषाई समाचार पत्र राष्ट्रवाद से समर्थन में मुखर होते गए, त्यों-त्यों औपनिवेशिक सरकार में कड़े नियंत्रण के प्रस्ताव पर बहस तेज़ होने लगी। आइरिश प्रेस कानून के तर्ज़ पर 1878 में वर्नाक्युलर प्रेस एक्ट लागू कर दिया गया। इससे सरकार को भाषाई प्रेस में छपी रपट और संपादकीय को सेंसर करने का व्यापक हक़ मिल गया। अब से सरकार ने विभिन्न प्रदेशों से छपने वाले भाषाई अख़बारों पर नियमित नज़र रखनी शुरू कर दी। अगर किसी रपट को बाग़ी करार दिया जाता था तो अख़बार को पहले चेतावनी दी जाती थी, और अगर चेतावनी की अनसुनी हुई, तो अख़बार को ज़ब्त किया जा सकता था और छपाई की मशीनें छीन ली जा सकती थीं।

(9.1) 'वर्नाक्युलर प्रेस एक्ट' का प्रेरणा स्रोत कौन-सा एक्ट था ? *1*

(9.2) औपनिवेशिक सरकार प्रेस की स्वतंत्रता की पक्षधर क्यों नहीं थी ? *1*

(9.3) वर्नाक्युलर प्रेस एक्ट ने औपनिवेशिक सरकार को कौन-सी दो शक्तियाँ प्रदान कीं ? *2*

10. दिए गए **भारत** के राजनीतिक रेखा-मानचित्र (पृष्ठ 27) पर दो स्थान 'A' और 'B' के रूप में अंकित किए गए हैं। निम्नलिखित जानकारी की सहायता से उन्हें पहचानिए और उनके सही नाम समीप खींची गई रेखाओं पर लिखिए :

A. वह स्थान जहाँ भारतीय राष्ट्रीय काँग्रेस का अधिवेशन सितंबर 1920 में हुआ था। *1*

B. वह स्थान जहाँ महात्मा गाँधी ने नील की खेती के विरुद्ध किसान आंदोलन का नेतृत्व किया। *1*

***नोट :*** *निम्नलिखित प्रश्न केवल **दृष्टिबाधित परीक्षार्थियों** के लिए प्रश्न संख्या **10** के स्थान पर हैं।*

(10.1) उस स्थान का नाम लिखिए जहाँ सितंबर 1920 में भारतीय राष्ट्रीय काँग्रेस का अधिवेशन हुआ। *1*

(10.2) उस स्थान का नाम लिखिए जहाँ महात्मा गाँधी ने नील किसानों के आंदोलन का नेतृत्व किया। *1*

**9.** Read the given source carefully and answer the questions that follow :

**Print and Censorship**

After the revolt of 1857, the attitude of the colonial government towards freedom of the press changed. Enraged Englishmen demanded a clamp down on the 'native' press. As vernacular newspapers became assertively nationalist, the colonial government began debating measures of stringent control. In 1878, the Vernacular Press Act was passed, modelled on the Irish Press Laws. It provided the government with extensive rights to censor reports and editorials in the vernacular press. From now on the government kept regular track of the vernacular newspapers published in different provinces. When a report was judged as seditious, the newspaper was warned, and if the warning was ignored, the press was liable to be seized and the printing machinery confiscated.

(9.1) Which Act was the inspiration of the 'Vernacular Press Act' ? *1*

(9.2) Why was the colonial government not in favour of freedom of the press ? *1*

(9.3) Which two powers were given by the Vernacular Press Act to the colonial government ? *2*

**10.** Two places 'A' and 'B' have been marked on the given political outline map of **India** (page 27). Identify them with the help of the following information and write their correct names on the lines drawn near them :

A. The place where the session of the Indian National Congress was held in September 1920. *1*

B. The place where Mahatma Gandhi led the Peasant Movement against Indigo Cultivation. *1*

***Note :*** *The following questions are for the* ***Visually Impaired Candidates*** *only, in lieu of Q. No.* ***10.***

(10.1) Name the place where the session of the Indian National Congress was held in September 1920. *1*

(10.2) Name the place where Mahatma Gandhi led the Peasant Movement for Indigo planters. *1*

## खण्ड ख

## (भूगोल) *20*

**11.** 'बाँस ड्रिप सिंचाई' प्रणाली का उपयोग भारत के किस राज्य में किया जाता है ? *1*

(A) हिमाचल प्रदेश (B) केरल

(C) राजस्थान (D) मेघालय

**12.** रिक्त स्थान की पूर्ति के लिए सही विकल्प का चयन कीजिए। *1*

भारत में पवन ऊर्जा फार्म की विशालतम पेटी ____________ के बीच स्थित है।

(A) नागरकोइल से मदुरै

(B) जयपुर से जोधपुर

(C) बोकारो से रानीगंज

(D) हजीरा से झाबुआ

**13.** निम्नलिखित में से रोपण फसल की पहचान कीजिए : *1*

(A) गेहूँ (B) बाजरा

(C) चावल (D) रबड़

**14.** (क) भारत में वनों के संरक्षण में समुदायों की भूमिका का वर्णन कीजिए। *2*

**अथवा**

(ख) वनों और वन्यजीव के संरक्षण के लिए भारत सरकार द्वारा उठाए गए किन्हीं दो कदमों का वर्णन कीजिए। *2*

**15.** भू-निम्नीकरण के लिए उत्तरदायी किन्हीं तीन प्रमुख कारकों की व्याख्या कीजिए। *3*

**16.** (क) भारत में पटसन उद्योग अधिकांशत: पश्चिम बंगाल में अवस्थित होने के कारणों की व्याख्या कीजिए। *5*

**अथवा**

(ख) औद्योगिक प्रदूषण को कम करने हेतु उपायों की व्याख्या कीजिए। *5*

## SECTION B
## (Geography) *20*

**11.** In which Indian state is 'Bamboo drip irrigation' system used ? *1*

(A) Himachal Pradesh (B) Kerala

(C) Rajasthan (D) Meghalaya

**12.** Choose the correct option to fill in the blank. *1*

The largest wind farm cluster in India is located between __________.

(A) Nagercoil to Madurai

(B) Jaipur to Jodhpur

(C) Bokaro to Raniganj

(D) Hazira to Jhabua

**13.** Identify the plantation crop from the following : *1*

(A) Wheat (B) Bajra

(C) Rice (D) Rubber

**14.** (a) Describe the role of communities in the conservation of forests in India. *2*

**OR**

(b) Describe any two steps taken by the Government of India to protect forests and wildlife. *2*

**15.** Explain any three main factors responsible for land degradation. *3*

**16.** (a) Explain the reasons why most of the Jute industries in India are located in West Bengal. *5*

**OR**

(b) Explain the measures to reduce industrial pollution. *5*

**17.** दिए गए स्रोत को ध्यानपूर्वक पढ़िए और उसके नीचे दिए गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए :

**शस्य प्रारूप**

रबी फसलों को शीत ऋतु में अक्टूबर से दिसंबर के मध्य बोया जाता है और ग्रीष्म ऋतु में अप्रैल से जून के मध्य काटा जाता है। खरीफ फसलें देश के विभिन्न क्षेत्रों में मानसून के आगमन के साथ बोई जाती हैं और सितंबर-अक्टूबर में काट ली जाती हैं। रबी और खरीफ फसल ऋतुओं के बीच ग्रीष्म ऋतु में बोई जाने वाली फसल को ज़ायद कहा जाता है।

(17.1) चावल की कृषि किस प्रकार की कृषि-ऋतु का उदाहरण है ? *1*

(17.2) भारत में अप्रैल से जून के मध्य काटी जाने वाली किसी एक फसल का नाम लिखिए। *1*

(17.3) किन्हीं दो ज़ायद फसलों के नाम लिखिए। *2*

**18.** प्रश्न संख्या **10** के लिए दिए गए **भारत** के उसी रेखा-मानचित्र (पृष्ठ 27) पर निम्नलिखित में से किन्हीं ***तीन*** को उपयुक्त चिह्नों से अंकित कीजिए और उनके नाम लिखिए : *3×1=3*

(18.1) महानदी पर निर्मित एक प्रमुख बाँध

(18.2) उत्तर प्रदेश में स्थित एक सॉफ्टवेयर टेक्नोलॉजी पार्क

(18.3) तमिलनाडु में स्थित एक प्रमुख समुद्री पत्तन

(18.4) भारत के पूर्व-पश्चिम गलियारे का सबसे पूर्वी टर्मिनल स्टेशन

***नोट :*** *निम्नलिखित प्रश्न केवल* ***दृष्टिबाधित परीक्षार्थियों*** *के लिए प्रश्न संख्या* ***18*** *के स्थान पर हैं :*

*किन्हीं* ***तीन*** *प्रश्नों के उत्तर लिखिए।* *3×1=3*

(18.1) महानदी पर स्थित एक प्रमुख बाँध का नाम लिखिए।

(18.2) उस स्थान का नाम लिखिए जहाँ उत्तर प्रदेश में एक सॉफ्टवेयर टेक्नोलॉजी पार्क अवस्थित है।

(18.3) तमिलनाडु में स्थित एक प्रमुख समुद्री पत्तन का नाम लिखिए।

(18.4) भारत के पूर्व-पश्चिम गलियारे के सबसे पूर्वी टर्मिनल स्टेशन का नाम लिखिए।

**17.** Read the given source carefully and answer the questions that follow :

**Cropping Pattern**

Rabi crops are sown in winter from October to December and harvested in summer from April to June. Kharif crops are grown with the onset of monsoon in different parts of the country and these are harvested in September-October. In between the rabi and the kharif seasons, there is a short season during the summer months known as the zaid season.

(17.1) Rice cultivation is an example of which type of agricultural season ? *1*

(17.2) Name any one crop which is harvested between April to June in India. *1*

(17.3) Mention any two zaid crops. *2*

**18.** On the same outline map of **India** (page 27) given for question no. **10**, locate and label any ***three*** of the following with suitable symbols : *3×1=3*

(18.1) A major dam built on the Mahanadi river

(18.2) A Software Technology Park located in Uttar Pradesh

(18.3) A major sea port located in Tamil Nadu

(18.4) Eastern-most terminal station of East-West Corridor of India

***Note :*** *The following questions are for the* ***Visually Impaired Candidates*** *only, in lieu of Q. No.* ***18*** *:*

*Answer any* ***three*** *questions.* *3×1=3*

(18.1) Name a major dam built on the Mahanadi river.

(18.2) Name the place where a Software Technology Park is located in Uttar Pradesh.

(18.3) Name a major sea port located in Tamil Nadu.

(18.4) Name the eastern-most terminal station of East-West corridor of India.

## खण्ड ग

## (राजनीति विज्ञान) *20*

**19.** राजनीतिक दल के कार्यों के विषय में निम्नलिखित कथनों को पढ़िए और सही विकल्प का चयन कीजिए : *1*

I. राजनीतिक दल जनमत का निर्माण करते हैं।

II. राजनीतिक दल विपक्ष की भूमिका निभाते हैं।

III. राजनीतिक दल अपने कार्यक्रमों को जनता के सामने रखते हैं।

IV. राजनीतिक दल विदेश नीति बनाते हैं।

**विकल्प :**

(A) केवल I, II और III सही हैं।

(B) केवल II, III और IV सही हैं।

(C) केवल I, III और IV सही हैं।

(D) केवल I, II और IV सही हैं।

**20.** स्तंभ I का स्तंभ II से मिलान कीजिए और सही विकल्प का चयन कीजिए : *1*

| | *स्तंभ I (सूची)* | | *स्तंभ II (विषय)* |
|---|---|---|---|
| a. | संघ सूची | i. | पुलिस |
| b. | राज्य सूची | ii. | कंप्यूटर सॉफ़्टवेयर |
| c. | समवर्ती सूची | iii. | गोद लेना |
| d. | बाकी बचे विषय | iv. | प्रतिरक्षा |

**विकल्प :**

(A) a-i, b-ii, c-iii, d-iv

(B) a-ii, b-iii, c-iv, d-i

(C) a-iv, b-i, c-iii, d-ii

(D) a-iv, b-i, c-ii, d-iii

## SECTION C

### (Political Science) *20*

**19.** Read the following statements about the functions of political parties and choose the correct option : *1*

I. Political parties build public opinion.

II. Political parties play the role of the opposition.

III. Political parties present their programmes to the public.

IV. Political parties make foreign policy.

**Options :**

(A) Only I, II and III are correct.

(B) Only II, III and IV are correct.

(C) Only I, III and IV are correct.

(D) Only I, II and IV are correct.

**20.** Match Column I with Column II and choose the correct option : *1*

| | *Column I (List)* | | *Column II (Subject)* |
|---|---|---|---|
| a. | Union list | i. | Police |
| b. | State list | ii. | Computer software |
| c. | Concurrent list | iii. | Adoption |
| d. | Residuary subjects | iv. | Defence |

**Options :**

(A) a-i, b-ii, c-iii, d-iv

(B) a-ii, b-iii, c-iv, d-i

(C) a-iv, b-i, c-iii, d-ii

(D) a-iv, b-i, c-ii, d-iii

**21.** श्रीलंका में, 1956 के कानून में निम्नलिखित में से कौन-से बदलाव ने गृहयुद्ध की संभावना को जन्म दिया ? *1*

(A) सभी वर्गों की सत्ता में साझेदारी सुनिश्चित करना।

(B) सिंहली को राज भाषा घोषित करना।

(C) तमिल को राज भाषा घोषित करना।

(D) सिंहलियों को सरकारी नौकरियों में प्राथमिकता की नीति लागू करना।

**22.** निम्नलिखित में से कौन-सा देश 'साथ आकर संघ बनाने' का उदाहरण है ? *1*

(A) भारत

(B) बेल्जियम

(C) स्पेन

(D) ऑस्ट्रेलिया

**23.** भारत में 'दलीय व्यवस्था' को सुदृढ़ करने के कोई दो उपाय सुझाइए। *2*

**24.** "शिकायतों का बने रहना लोकतंत्र की सफलता की गवाही देता है।" उदाहरणों सहित इस कथन की व्याख्या कीजिए। *2*

**21.** In Sri Lanka, which one of the following changes to the 1956 law gave rise to the possibility of civil war ? *1*

(A) Ensuring power sharing among all sections.

(B) Declaring Sinhala as the official language.

(C) Declaring Tamil as the official language.

(D) Implementing a policy of preference for Sinhalese in government jobs.

**22.** Which one of the following countries is an example of a 'coming together federation' ? *1*

(A) India

(B) Belgium

(C) Spain

(D) Australia

**23.** Suggest any two reforms to strengthen 'party system' in India. *2*

**24.** "Complaints are the testimony to the success of Democracy." Explain the statement with examples. *2*

**25.** "भाषा के आधार पर प्रांतों का गठन भारत की लोकतांत्रिक राजनीति के लिए पहली और एक कठिन परीक्षा थी।" इस कथन की व्याख्या कीजिए। *3*

**26.** (क) सत्ता में साझेदारी के बेल्जियम मॉडल एवं श्रीलंका मॉडल की तुलना कीजिए। *5*

**अथवा**

(ख) लोकतंत्र में सत्ता की साझेदारी क्यों आवश्यक है ? स्पष्ट कीजिए। *5*

**27.** दिए गए स्रोत को ध्यानपूर्वक पढ़िए और उसके नीचे दिए गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए :

**कितने राजनीतिक दल ?**

कई देशों में सिर्फ़ एक ही दल को सरकार बनाने और चलाने की अनुमति है। इस कारण उन्हें एकदलीय शासन-व्यवस्था कहा जाता है। कुछ देशों में सत्ता आमतौर पर दो मुख्य दलों के बीच ही बदलती रहती है। वहाँ अनेक दूसरी पार्टियाँ हो सकती हैं, वे भी चुनाव लड़कर कुछ सीटें जीत सकती हैं पर सिर्फ़ दो ही दल बहुमत पाने और सरकार बनाने के प्रबल दावेदार होते हैं। इसे दो-दलीय व्यवस्था कहा जाता है। जब अनेक दल सत्ता के लिए होड़ में हों और दो दलों से ज़्यादा के लिए या तो अपने दम पर या दूसरों से गठबंधन करके सत्ता में आने का ठीक-ठाक अवसर हो तो इसे हम बहुदलीय व्यवस्था कहते हैं।

(27.1) 'बहुदलीय व्यवस्था' की प्रमुख विशेषता को स्पष्ट कीजिए। *1*

(27.2) 'एकदलीय शासन-व्यवस्था' क्यों लोकतंत्र के अनुरूप नहीं है ? *1*

(27.3) गठबंधन सरकार की प्रमुख विशेषताओं की व्याख्या कीजिए। *2*

**25.** "The creation of linguistic states was the first and a major test for democratic politics in India." Explain the statement. *3*

**26.** (a) Compare the Belgian model and the Sri Lankan model of power sharing. *5*

**OR**

(b) Why is power sharing necessary in a democracy ? Explain. *5*

**27.** Read the given source carefully and answer the questions that follow :

**How many political parties ?**

In some countries, only one party is allowed to control and run the government. These are called one-party systems. In some countries, power usually changes between two main parties. Several other parties may exist, contest elections and win a few seats in the national legislatures. Such a party system is called two-party system. If several parties compete for power, and more than two parties have a reasonable chance of coming to power either on their own strength or in alliance with others, we call it a multiparty system.

(27.1) Explain the main feature of 'multi-party system'. *1*

(27.2) Why is a 'one-party system' not compatible with democracy ? *1*

(27.3) Explain the main characteristics of a coalition government. *2*

## खण्ड घ

## (अर्थशास्त्र)

**28.** निम्नलिखित तालिका का अध्ययन कीजिए और 'जन्म के समय संभावित आयु' के आधार पर राज्यों को निम्न से उच्च के क्रम में व्यवस्थित कीजिए तथा सही विकल्प का चयन कीजिए : *1*

| राज्य | जन्म के समय संभावित आयु (2018) | उच्च शिक्षा में नामांकन (2017 – 18) |
|---|---|---|
| हरियाणा | 69·7 | 23 |
| केरल | 75·2 | 37 |
| बिहार | 68·9 | 13·6 |
| ओडिशा | 68·4 | 22·1 |

**विकल्प :**

(A) हरियाणा, केरल, बिहार, ओडिशा

(B) केरल, हरियाणा, बिहार, ओडिशा

(C) ओडिशा, बिहार, हरियाणा, केरल

(D) ओडिशा, बिहार, केरल, हरियाणा

**29.** नीचे दो कथनों को अभिकथन (A) और कारण (R) के रूप में अंकित किया गया है। दोनों कथनों को ध्यानपूर्वक पढ़िए और सही विकल्प का चयन कीजिए : *1*

*अभिकथन (A) :* कृषि उत्पादन से संबंधित क्रियाओं को तृतीयक क्षेत्रक में सम्मिलित किया जाता है।

*कारण (R) :* तृतीयक क्षेत्रक को सेवा क्षेत्रक कहा जाता है।

**विकल्प :**

(A) अभिकथन (A) और कारण (R) दोनों सही हैं और कारण (R), अभिकथन (A) की सही व्याख्या करता है।

(B) अभिकथन (A) और कारण (R) दोनों सही हैं, परंतु कारण (R), अभिकथन (A) की सही व्याख्या ***नहीं*** करता है।

(C) अभिकथन (A) सही है, परंतु कारण (R) ग़लत है।

(D) अभिकथन (A) ग़लत है, परंतु कारण (R) सही है।

## SECTION D

**(Economics)** *20*

**28.** Study the following table and arrange the States from lower to higher on the basis of 'Life Expectancy at Birth' and choose the correct option : *1*

| States | Life Expectancy at Birth (2018) | Enrolment in Higher Education (2017 – 18) |
|---|---|---|
| Haryana | 69·7 | 23 |
| Kerala | 75·2 | 37 |
| Bihar | 68·9 | 13·6 |
| Odisha | 68·4 | 22·1 |

**Options :**

(A) Haryana, Kerala, Bihar, Odisha

(B) Kerala, Haryana, Bihar, Odisha

(C) Odisha, Bihar, Haryana, Kerala

(D) Odisha, Bihar, Kerala, Haryana

**29.** Two statements labelled as Assertion (A) and Reason (R) are given below. Read both the statements carefully and choose the correct option : *1*

*Assertion (A)* : Agricultural production related activities are included in the tertiary sector.

*Reason (R)* : Tertiary sector is called as service sector.

**Options :**

(A) Both Assertion (A) and Reason (R) are true and Reason (R) is the correct explanation of Assertion (A).

(B) Both Assertion (A) and Reason (R) are true, but Reason (R) is ***not*** the correct explanation of Assertion (A).

(C) Assertion (A) is true, but Reason (R) is false.

(D) Assertion (A) is false, but Reason (R) is true.

**30.** वैश्वीकरण के संदर्भ में कुछ देश आयातित वस्तुओं पर शुल्क क्यों लगाते हैं ? निम्नलिखित विकल्पों में से सही कारण का चयन कीजिए : *1*

(A) मुक्त व्यापार का समर्थन करने के लिए

(B) स्थानीय उद्योगों की रक्षा करने के लिए

(C) निवेश आकर्षित करने के लिए

(D) आयात लागत कम करने के लिए

**31.** भारत में विनिमय के माध्यम के रूप में रुपए को ही स्वीकार क्यों किया जाता है ? *1*

(A) क्योंकि इसे भारतीय रिज़र्व बैंक द्वारा राज्य सरकार की ओर से जारी किया जाता है।

(B) क्योंकि इसे भारतीय रिज़र्व बैंक द्वारा केन्द्र सरकार की ओर से जारी किया जाता है।

(C) क्योंकि इसे भारतीय स्टेट बैंक द्वारा केन्द्र सरकार की ओर से जारी किया जाता है।

(D) क्योंकि इसे भारतीय रिज़र्व बैंक द्वारा विश्व बैंक की ओर से जारी किया जाता है।

**32.** निम्नलिखित में से कौन-सा सार्वजनिक क्षेत्रक का उदाहरण है ? *1*

(A) बिरला सीमेंट

(B) टाटा आयरन एवं स्टील कंपनी

(C) रिलायंस इंडस्ट्रीज लिमिटेड

(D) भारतीय रेलवे

**33.** श्रीमती दीप्ती X देश की निवासी हैं। उनका देश एक विकसित देश है। उसके देश की निम्नलिखित में से कौन-सी एक विशेषता होगी ? *1*

(A) उच्च शिशु मृत्यु दर

(B) उच्च प्रति व्यक्ति आय

(C) निम्न साक्षरता दर

(D) निम्न निवल उपस्थिति अनुपात

**30.** Why do some countries impose tariffs on imported goods in the context of globalization ? Choose the correct reason from the following options : *1*

(A) To support free trade

(B) To protect local industries

(C) To attract investment

(D) To lower import costs

**31.** Why is Rupee accepted as a medium of exchange in India ? *1*

(A) Because it is issued by the Reserve Bank of India on behalf of the State Government.

(B) Because it is issued by the Reserve Bank of India on behalf of the Central Government.

(C) Because it is issued by the State Bank of India on behalf of the Central Government.

(D) Because it is issued by the Reserve Bank of India on behalf of the World Bank.

**32.** Which of the following is an example of public sector ? *1*

(A) Birla Cement

(B) Tata Iron and Steel Company

(C) Reliance Industries Limited

(D) Indian Railways

**33.** Smt. Deepti is a resident of X country. Her country is a developed country. Which of the following would be a characteristic of her country ? *1*

(A) High Infant Morality Rate

(B) High Per Capita Income

(C) Low Literacy Rate

(D) Low Net Attendance Ratio

**34.** ऋण लेने में समर्थक ऋणाधार का उद्देश्य निम्नलिखित में से कौन-सा एक है ? *1*

(A) ऋणदाता पर ब्याज बढ़ाना

(B) ऋणदाता के लिए ऋण सुरक्षित करना

(C) ऋणदाता के लिए कागज़ी दस्तावेज़ कम करना

(D) ऋण पर पुनर्भुगतान से बचना

**35.** 'प्रच्छन्न बेरोज़गारी' की उदाहरण सहित व्याख्या कीजिए। *2*

**36.** असंगठित क्षेत्रक में श्रमिकों के संरक्षण हेतु कोई तीन उपाय सुझाइए। *3*

**37.** 'शरीर द्रव्यमान सूचकांक' को परिभाषित कीजिए। इसकी गणना करने की विधि की व्याख्या कीजिए। *3*

**38.** (क) साख के औपचारिक एवं अनौपचारिक स्रोतों में अंतर स्पष्ट कीजिए। *5*

**अथवा**

(ख) 'स्वयं-सहायता समूहों' की कार्यप्रणाली को स्पष्ट कीजिए। *5*

**34.** Which one of the following is the purpose of collateral in a loan ? *1*

(A) To increase the interest for the lender

(B) To secure the loan for the lender

(C) To reduce paperwork for the lender

(D) To avoid repayment on the loan

**35.** Explain 'Disguised Unemployment' with example. *2*

**36.** Suggest any three measures for labour safety in the unorganised sector. *3*

**37.** Define the term 'Body Mass Index'. Explain the method of its calculation. *3*

**38.** (a) Differentiate between the formal and informal sources of credit. *5*

**OR**

(b) Explain the functioning of 'Self-Help Groups'. *5*

प्रश्न सं. 10 और 18 के लिए

For questions no. 10 and 18

